**<u>26 अगस्त, 2022</u>**

**बोस्टन (USA) में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में माननीय अध्यक्ष, लोक सभा का भाषण।**

------

**संयुक्त राज्य अमरीका में भारत के सम्माननीय राजदूत महोदय,**

**बोस्टन में भारतीय समुदाय के सदस्यगण,**

**संयुक्त राज्य अमरीका में रह रहे हमारे मित्रगण,**

**देवियो और सज्जनो,**

-------

मुझे बोस्टन के इस खूबसूरत शहर में आपके पास आकर खुशी हो रही है। यहां की ऐतिहासिक इमारतें, सुंदर बोस्टन मैराथन, फेनवे पार्क और शहर का मनोरम माहौल सभी को मंत्रमुग्ध करता है।

मुझे आज स्वामी विवेकानंद द्वारा विश्व धर्म संसद में 1893 में दिए गए ऐतिहासिक शिकागो भाषण का स्मरण हो रहा है। स्वामीजी ने 1893 में बोस्टन का दौरा भी किया था। उन्होंने यहां भारतीय दर्शन और धार्मिक मूल्यों के बारे में कई व्याख्यान दिए थे। ऐसे ऐतिहासिक स्थल पर यहां आपके साथ होना मेरे लिए और हमारे संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों के लिए सौभाग्य की बात है। मैं बोस्टन-भारतीय समुदाय के सदस्यों और संयुक्त राज्य अमरीका में मित्रों द्वारा गर्मजोशी से प्रदर्शित भावनाओं से अभिभूत हूं। अपने साथी संसद सदस्यों की ओर से और अपनी ओर से, मैं इस अवसर पर इस मान-सम्मान के लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

साथियो, इस वर्ष भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में *आजादी का अमृत महोत्सव* मना रहा है। इस दौरान भारत और अमरीका के द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। उच्च-स्तरीय पारस्परिक आदान-प्रदान ने दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को गति प्रदान की है, और द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत और विकसित किया है। आज, भारत-अमरीका द्विपक्षीय सहयोग व्यापक और बहु-क्षेत्रीय है, जिसमें व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, उच्च प्रौद्योगिकी, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोग, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र शामिल हैं। हाल ही में भारत और अमरीका के बीच उच्च स्तरीय दौरों और आदान-प्रदान में काफी तेजी आई है।

भारत की आजादी के 75 वर्षों में, देश में व्यापक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन हुए हैं। भारत के लोकतंत्र और उसकी लोकतांत्रिक संस्थाओं ने पूरी दुनिया के सामने समावेशी विकास का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। रक्षा से लेकर प्रोद्योगिकी तक अनेक क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। युवा प्रतिभाओं और उद्यमियों की क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिए स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, स्किल इंडिया जैसी योजनाएं शुरू की गई हैं। आज भारत को पूरी दुनिया में नवाचार और सकारात्मक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान युग भारत में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का युग है।

मित्रो, भारतीय समुदाय के लोग दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। आपके माध्यम से दोनों देशों के नागरिकों के बीच रचनात्मक संवाद और आपसी संपर्क के कारण दोनों देशों के नागरिकों के मध्य एक बेहतर समझ विकसित हुई है। भारतीय समुदाय द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने के लिए उत्प्रेरक (catalyst) की भूमिका निभा रहा है। संयुक्त राज्य अमरीका के व्यापक आर्थिक और सामाजिक विकास में डायस्पोरा के सक्रिय योगदान ने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की नींव रखी है। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने में मदद कर रहे हैं। मुझे यह जानकर

प्रसन्नता है कि भारतीय समुदाय बोस्टन में प्रवासियों के सबसे तेजी से विकास करने वाले समूहों में से एक है और यहां पर सांस्कृतिक लोकाचार के संवर्धन के साथ-साथ शहर की वाणिज्यिक सफलता में भी योगदान दिया है।

मुझे बताया गया है कि यहां बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग रह रहे हैं। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि आप में से कई लोग अपने संगठनों में प्रतिष्ठित पदों पर हैं और कुछ बेहद सफल व्यवसायी हैं। यह आपकी उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि आप कितने समर्पण के साथ संयुक्त राज्य अमरीका के विकास और समृद्धि के लिए कार्य करते हैं।

हिंदुस्तानी-बोस्टन समुदाय के सदस्यों के लिए भारत एक प्रिय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक निवास बना हुआ है। यह उल्लेखनीय है कि आपने भारत की सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है और अपनी अनूठी परंपराओं के साथ इसे पोषित किया है। यह जानकर प्रसन्नता होती है कि यह समुदाय प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से दोनों राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सक्रिय है। आप अपने त्योहारों को किसी भी अन्य भारतीय की तरह ही उत्साह और गर्व के साथ मनाते हैं।

मित्रो, भारत में आज व्यापार, सामाजिक उद्यमों और सांस्कृतिक संबंधों के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। मैं आप सभी को भारत की विकास यात्रा में हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करता हूं। अपने विचारों, अपने व्यापार मॉडल और अपने निवेश प्रोफाइल के साथ योगदान करने के लिए आपका स्वागत है। भारत अपने राष्ट्रीय महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों - मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया में एक प्रमुख भागीदार के रूप में संयुक्त राज्य अमरीका पर भरोसा करता है। भारत की प्रगति और विकास में आप सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मैं इस अवसर पर संयुक्त राज्य अमरीका की मित्रवत जनता को भारतीय समुदाय के लोगों को सम्मान देने और आत्मसात करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। भारत आने वाले वर्षों में अपने लोगों के बीच मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तत्पर है। हम भारत के साथ

आपके संबंधों को बहुत महत्व देते हैं और आपसे आग्रह करते हैं कि आप उन कई अवसरों का उपयोग करें जो भारत द्वारा पारस्परिक लाभ के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं आप सभी को यहां आने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की ओर से आपकी प्रगति, आपके उज्जवल भविष्य और अनेक गौरवशाली उपलब्धियों के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि आप हमारे देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

धन्यवाद।